# ज़िला सैनिक कल्याण सोलन की विशेष निधि के लेखाओं का लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/2011 से 3/2013

1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु की गई कार्यवाई के सत्यापनोपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

(क) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/91 से 3/97

पैरा – 4 अनिर्णीत

पैरा – 5 अनिर्णीत

पैरा – 6 अनिर्णीत

(ख) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/97 से 3/03

पैरा – 9 अशंतः अनिर्णीत

(ग) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/03 से 3/05

पैरा – 6 निर्णीत (पी0वी0 –1 दिनाँक 7.4.03 द्वारा केन्द्रिय विद्यालय, सवाथु को कोई भी भुगतान नहीं किया गया है। पी0वी0–1 दिनाँक 27.5.03 द्वारा वास्तव में ₹240 का भुगतान केन्द्रिय विद्यालय, सवाथु को किया गया था जिसकी रसीद अंकेक्षण के दौरान देख ली है)

(घ) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/05 से 3/08

पैरा – 5 अनिर्णीत

पैरा – 6 अनिर्णीत

पैरा – 7 निर्णीत (स्टाक रजिस्टर में प्रविष्टि कर ली गई है)

पैरा – 8 अनिर्णीत

(ड़) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/08 से 3/11

पैरा – 3 निर्णीत (अंकेक्षण शुल्क प्राप्त करने पर पैरा समाप्त)

पैरा – 4 निर्णीत (पैरा वित्तीय स्थिति से सम्बन्धित है तथा पुनः प्रारूपित किया गया है)

पैरा – 5 अनिर्णीत

पैरा – 6 निर्णीत (संस्था द्वारा ₹1440 की रसीद प्राप्त करके अभिलेख में रख ली है)

2 वर्तमान अंकेक्षणः—

ज़िला सैनिक कल्याण सोलन की विशेष निधि (अवधि 4/2011 से 3/2013) के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, श्री राम सिंह चौहान, अनुभाग अधिकारी व श्री राकेश कुमार चौहान, लेखा परीक्षक द्वारा किया गया। आय की विस्तृत जाँच के लिए माह 7/2011 और 12/2012 तथा व्यय की विस्तृत जाँच के लिए 3/2012 और 12/2012 के लेखों का चयन किया गया।

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्था के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं/अभिलेखों के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना या सूचना के उपलब्ध करवाने के कारण पाई गई त्रुटियों हेतु उत्तरदायी नहीं है।

3 अंकेक्षण शुल्कः—

ज़िला सैनिक कल्याण सोलन की विशेष निधि (अवधि 4/2011 से 3/2013) के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹1,100 आंका गया। उक्त राशि रेखांकित बैंक ड्राफ्ट से माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009 को प्रेषित करने हेतु अनुभाग अधिकारी के पत्र सं0 341 दिनाँक 20.3.14 द्वारा उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण सोलन से अनुरोध किया गया।

4 वित्तीय स्थितिः—

ज़िला कल्याण विभाग सोलन द्वारा प्रस्तुत संस्था की विशेष निधि के लेखाओं की वर्ष 2011—12 से 2012—13 को वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थीः—

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | प्राप्त आय | ब्याज | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011—12 | 106628.06 | 5000 | 4289 | 115917.06 | 8176 | 107741.06 |
| 2012—13 | 107741.06 | 6976 | 4419 | 119136.06 | 2045 | 117091.06 |

जमा राशि का विवरणः—

| | |
|---|---|
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला सोलन के बचत खाता सं0 55080129272 में 31.3.2013 को जमा राशि | ₹117099.06 |

5 ₹6976 को निधि से निकाल कर अनाधिकृत रूप से हस्तगत रखनाः—

श्रीमती भगवती देवी, वी0टी0सी0 को ₹2233 की सिलाई मशीन का भुगतान करने के लिए और ₹4743 का तीन माह का वेतन का भुगतान करने के लिए कुल ₹6976 चैक

सं0 726122 दिनाँक 1.3.12 द्वारा बैंक से आहरित की गई और इस प्रकार ₹6976 को रोकड़ वही में व्यय पक्ष से दिखाया गया। अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि सिलाई मशीन और उक्त वेतन की राशि का भुगतान श्रीमती भगवती देवी को वास्तव में किया ही नहीं गया तथा दिनाँक 5.12.12 को उक्त ₹6976 को रसीद सं0 918 दिनाँक 5.12.12 द्वारा पुनः निधि में जमा करवा दिया गया। इस प्रकार ₹6976 को 9 माह की अवधि के लिए निधि से बाहर रखा गया जोकि उचित नहीं है। अतः ₹6976 को 9 माह तक निधि के खाते से निकाल कर बाहर रखने का औचित्य स्पष्ट किया जाए और उक्त राशि को अनाधिकृत रूप से रखने पर 9 माह निधि के खाते से बाहर रखने के लिए नियमानुसार अपेक्षित ब्याज दण्ड राशि सहित वसूला जाए तथा निधि के खाते में जमा करवाया जाना भी सुनिश्चित किया जाए।

15. <u>लधु आपत्ति विवरणिका</u>:– इस प्रकार की कोई भी विवरणिका अलग से जारी नहीं की गई है।

16 <u>निष्कर्ष</u>:– लेखों मे उचित सुधार की आवश्यकता है।

उप निदेशक,<br>
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,<br>
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)(14)32/76–खण्ड–5 दिनांक, शिमला–09.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

पंजीकृत

1 उप निदेशक, सैनिक कल्याण विभाग सोलन को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजें।

2 अतिरिक्त सचिव (सामान्य प्रशासन) हि0प्र0 सरकार शिमला–2

3 निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण हमीरपुर, ज़िला हमीरपुर, हि0प्र0

4 श्री राम सिंह चौहान अनुभाग अधिकारी द्वारा..........

उप निदेशक,<br>
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,<br>
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.